# प्रखण्ड कार्यालय, मीनापुर, मुजफ्फरपुर।

बिहार सरकार

bdo.min-mu-bih@nic.in

9031071655

विज्ञापन संख्या–01/2024–25

आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि :–07.01.2025

## ग्राम कचहरी न्यायमित्र के रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियोजन हेतु सूचना

अपर मुख्य सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार सरकार, का पत्र संख्या 8006/पं0 रा0 दिनांक 30.08.2024 एवं जिलाधिकारी, मुजफ्फरपुर का पत्रांक 3347/पं0 दिनांक 04.11.2024 के द्वारा ग्राम कचहरी न्याय मित्र के रिक्त पद पर संविदा आधारित नियोजन "बिहार ग्राम कचहरी न्याय मित्र (नियोजन, सेवाशर्त एवं कर्तव्य) नियमावली 2007" एवं ग्राम कचहरी सचिव के पद पर संविदा आधारित नियोजन "बिहार ग्राम कचहरी सचिव (नियोजन, सेवाशर्त एवं कर्तव्य) नियमावली 2014" के प्रावधानों के अधीन किये जाने हेतु निदेश प्राप्त हुआ है।

उक्त प्राप्त निदेश के आलोक में मीनापुर प्रखण्ड अन्तर्गत निम्न ग्राम कचहरियों में रिक्त न्याय मित्र के पदों पर संविदा आधारित नियोजन "बिहार ग्राम कचहरी न्याय मित्र (नियोजन, सेवाशर्त एवं कर्तव्य) नियमावली 2007" के प्रावधानों के अधीन अर्हता धारण करने वाले इच्छुक व्यक्तियों से संलग्न विहित प्रपत्र (अनुसूची–I) में आवेदन आमंत्रित किया जाता है। प्रखण्डान्तर्गत ग्राम कचहरियों में आरक्षण कोटिवार रिक्तियों का विवरण निम्न प्रकार हैः–

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | कुल रिक्ति की संख्या | ग्राम कचहरी का नाम | आरक्षण कोटि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मीनापुर | 13 | टेंगरारी | पिछड़ा वर्ग (महिला) | |
| 2 | | | घोसौत | अनारक्षित | |
| 3 | | | हरशेर | अत्यंत पिछड़ा वर्ग | |
| 4 | | | पानापुर | अनारक्षित (महिला) | |
| 5 | | | बाड़ाभारती | अनुसूचित जाति | |
| 6 | | | रानीखैरा उर्फ बनुआं | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | |
| 7 | | | हरका मानशाही | पिछड़ा वर्ग (महिला) | |
| 8 | | | चाँदपरना | अनुसूचित जाति | |
| 9 | | | राघोपुर | अत्यंत पिछड़ा वर्ग | |
| 10 | | | कोईली | अनारक्षित (महिला) | |
| 11 | | | गोरीगामा | पिछड़ा वर्ग | |
| 12 | | | मदारीपुर कर्ण | अनारक्षित | |
| 13 | | | मुकसुदपुर | अनुसूचित जाति (महिला) | |

1. **नियोजन हेतु अर्हता :–**

**(i)** भारत का नागरिक हो तथा बिहार राज्य के संबंधित जिला का निवासी हो।

**(ii)** किसी मान्यता प्राप्त संस्थान या विश्वविद्यालय से कम–से–कम विधि स्नातक डिग्रीधारी प्राप्त व्यक्ति ग्राम कचहरी न्याय मित्र के पद पर नियुक्ति का पात्र होगा।

**(iii)** जिस वर्ष नियोजन किया जा रहा हो उस वर्ष की पहली जनवरी को उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 25 वर्ष होगी एवं अधिकतम उम्र 65 वर्ष होगी।

2. **अभ्यर्थियों हेतु आवश्यक अनुदेश :–**

(i) आवेदन पत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सीधे अथवा निबंधित डाक द्वारा प्राप्त किया जायेगा। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नही किया जायेगा।

(ii) आवेदन पत्र के लिफाफे के उपर **आवेदित पद का नाम एवं संबंधित पंचायत/ग्राम कचहरी का नाम** अंकित करना अनिवार्य होगा।

(iii) आवेदन पत्र के साथ दो 10"x6" साईज का स्वपता लिखा हुआ लिफाफा डाक टिकट के साथ संलग्न करना होगा।

(iv) आवेदन पत्र के साथ योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र/अंक पत्र/जाति प्रमाण पत्र (आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए) जन्म तिथि से संबंधित प्रमाण–पत्र की अभिप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

(v) जिनका चयन होगा वे काउन्सिलिंग के लिए निर्धारित तिथि/समय एवं स्थान पर अपने सभी मूल प्रमाण पत्र/अंक पत्र/जाति प्रमाण पत्र एवं उसकी अभिप्रमाणित छाया प्रति के साथ उपस्थित होंगे।

(vi) नियोजन के पूर्व यथा आवश्यक निवास प्रमाण–पत्र देना होगा।

(vii) छाया प्रति के आधार पर यथा आवश्यक जाँच कराई जाएगी एवं किसी प्रकार की गलती पाये जाने की स्थिति में नियोजन रदद् करते हुए कानूनी कर्रवाई की जायेगी।

(viii) आवेदन पत्र पर पासपोर्ट साईज का स्वअभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटो संलग्न करना आवश्यक होगा।

(ix) अधूरे एवं अपूर्ण आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

(x) आरक्षण का लाभ प्राप्त करने वाले उम्मीदवार को समक्ष प्राधिकार द्वारा निर्गत वांछित जाति प्रमाण–पत्र आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा।

(xi) काउंसिलिंग/योगदान के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

3. ग्राम कचहरी न्यायमित्र के पद पर नियोजन हेतु आवेदन पत्र प्राप्ति, पैनल निर्माण, प्राप्त आपत्तियों का निराकरण एवं अंतिम रूप से नियोजन पत्र निर्गत करने की कार्रवाई हेतु निम्न रूप से समय सीमा निर्धारित किया जाता है।

(क) आवेदन प्राप्ति की तिथि :– **24.12.2024 से 07.01.2025 तक (अपराह्न 05:00 बजे तक)**

(ख) पैनल (मेधा सूची) निर्माण एवं प्रारूप प्रकाशन की तिथि :– **22.01.2025**

(ग) तैयार पैनल (मेधा सूची) पर किसी प्रकार की आपत्ति देने हेतु विहित समय :– **23.01.2025 से 06.02.2025 तक**

(घ) दावा/आपत्ति निराकरण के पश्चात् अंतिम रूप से तैयार पैनल (मेधा सूची) का प्रकाशन :– **13.02.2025**

(ङ) मेधा सूची के अनुसार ग्राम कचहरी के न्यायमित्र के रिक्त पद पर काउंसिलिंग की तिथि :–**20.02.2025**

(च) काउंसिलिंग के पश्चात् नियोजन पत्र का वितरण :– **03.03.2025**

4. इस विज्ञप्ति को मुजफ्फरपुर जिले के वेबसाईट **https://muzaffarpur.nic.in** पर भी देखा जा सकता है।

ह0/–
**प्रखण्ड विकास पदाधिकारी,**
**मीनापुर, मुजफ्फरपुर।**

ज्ञापांक–1228/ दिनांक–23.12.2024/

प्रतिलिपिः– सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि उक्त विज्ञापन एवं प्रपत्र का दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन कराने की कृपा की जाए।

प्रतिलिपिः– जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि उपरोक्त सूचना को जिले के वेबसाईट पर अपलोड करने की कृपा की जाए।

प्रतिलिपिः– सभी संबंधित ग्राम कचहरी के माननीय सरपंच/उपसरपंच/पंच/ग्राम कचहरी सचिव प्रखण्ड मीनापुर को सूचनार्थ एवं ''बिहार ग्राम कचहरी न्याय मित्र (नियोजन, सेवाशर्त एवं कर्तव्य) नियमावली 2007'' के तहत ग्राम कचहरी कार्यालय के सूचनापट्ट पर प्रकाशित करने एवं कार्रवाई करने हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः–प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी, मीनापुर को नोडल पदाधिकारी के रूप में नामित करते हुए निदेश दिया जाता है कि "बिहार ग्राम कचहरी न्याय मित्र (नियोजन, सेवाशर्त एवं कर्तव्य) नियमावली 2007" के प्रावधानों के अधीन नियोजन से संबंधित कार्य अपने अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण में कराना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपिः–अनुमण्डल पदाधिकारी पूर्वी, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपिः–जिला पंचायत राज पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ समर्पित।

प्रतिलिपिः–उप विकास आयुक्त, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपिः–जिलाधिकारी, मुजफ्फरपुर को सादर सूचनार्थ समर्पित।

23/12/24

प्रखण्ड विकास पदाधिकारी,
मीनापुर, मुजफ्फरपुर।

अनुसूची–I

# आवेदन प्रपत्र

## ग्राम कचहरी में न्याय मित्र के पदों पर नियोजन हेतु आवेदन पत्र

(जो लागू हो, उसे (√) करें )

| स्व अभिप्रमाणित फोटो |
|---|

1. नियोजन के प्रखंड एवं ग्राम कचहरी का नाम :–
2. अभ्यर्थी का नाम :–
3. (क) पिता/पति का नाम :–
   (ख) माता का नाम :–
4. जन्म तिथि :–
5. लिंग :– पुरूष ☐ महिला ☐
6. अर्हता की तिथि को आयु :– ☐ वर्ष ☐ माह ☐ दिन
7. स्थायी पत्ता :– ग्राम/शहर/मोहल्ला/सड़क/ ............................................................
   ............................................................
   ............................................................
   थानाः– ..............................., जिला :– ..............................., पिन कोड :–...............................
8. पत्राचार का पत्ता :– ग्राम/शहर/मोहल्ला/सड़क/ ............................................................
   ............................................................
   ............................................................
   ............................थानाः– ..............................., जिला :– ..............................., पिन कोड :–.......................
9. जाति :– सामान्य ☐ आरक्षित ☐
10. आरक्षण की कोटि :– अ०जा० ☐ अ०ज०जा० ☐ अ०पि०व० ☐ पि०व० ☐
11. यदि विकलांग हो तो :– दृष्टि बाधित ☐ श्रवण बाधित ☐ अस्थिजन्य ☐ निःशक्त ☐
12. योग्यता :–

| शैक्षणिक | विद्यालय/बोर्ड का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | कुल प्राप्तांक | प्रतिशत अंक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| विधि स्नातक डिग्रीधारी | | | | |

प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त सभी सूचनायें सही है। किसी प्रकार की सूचना गलत पाये जाने पर मेरी उम्मीदवारी रद्द करते हुए अन्य आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा सकेगी।

स्थान ...............................

तिथि ................................ आवेदक का हस्ताक्षर

---

## प्राप्ति रसीद

श्री/सुश्री/श्रीमती ............................................................ से ग्राम कचहरी न्याय मित्र के पद पर नियोजन हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन प्राप्त किया गया, जिसकी प्राप्ति संख्या ................. है।

दिनांक ...............................

प्राप्तकर्ता का हस्ताक्षर एवं पूरा नाम
(मुहर के साथ)